टंकण दक्षता जांच में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवारों के लिए निर्देश:

१. उम्मीदवार अपने साथ अपनी टंकण मशीन अवश्य लेकर आएं। रेलवे भर्ती वोर्ड / कोलकाता कोई मशीन उपलब्ध नहीं करायेगी और न ही उम्मीदवार द्वारा लाई गई मशीन खराब होने के कारण कोई मशीन उपलब्ध करायेगी। तदनुसार उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि उत्तम कोटि की टंकण मशीन अपने साथ लेकर आएँ, इलेक्ट्रॉनिक टंकण मशीन की अनुमति नहीं है। उम्मीदवारों को रे.भ.बो. द्वारा एक कोरा कागज दिया जाएगा तथा उन्हें दिये गये कागज मे एक तरफ डबल स्पेस में टंकित करना अपेक्षित है।

२. उम्मीदवारों को टंकण परीक्षा में पास करने के लिए ३० शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति से अंग्रेजी में तथा २५ शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति हिन्दी में टंकित करना अपेक्षित है।

३. उम्मीदवारों को अंग्रेजी टंकण मशीन में ३० शब्द प्रति मिनट की गति से कम से कम ३०० शब्द टंकित करना अपेक्षित हे, ठीक उसी तरह हिन्दी टंकण मशीन से २५ शब्द की गति से उन्हें २५० शब्द टंकित करना अपेक्षित है। परीक्षा की अवधि १० मिनट है, जो उम्मीदवार निर्धारित समय में अंग्रेजी में ३०० शब्द अंग्रेजी अथवा २५० शब्द हिन्दी में टंकित नहीं कर पायेगें उनके प्रतिलेखन का मूल्यांकन नही किया जायेगा।

४. उम्मीदवार को प्रश्न पत्र के आरंभ से ही टंकण शुरू करना है तथा पूरे प्रश्न पत्र को टंकित करना अनिवार्य है। यदि कोई उम्मीदवार निर्धारित समय से पहले ही प्रश्न पत्र को पूरा करता है तो उन्हें उसी पैराग्राफ को समय पूरा होने तक पुनः टंकण जारी रखना होगा।

५. उम्मीदवार द्वारा टंकित पैराग्राफ का निम्न रूप से मूल्यांकन किया जाएगा:-

अ. गलतियों को आधा गलति या पूरे गलति के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा तदनुसार गलतियों के पूरी संख्या की गणना निम्न रूप से की जाएगी:-

पूरी गलतियों की संख्या   आधी गलतियों की संख्या / २

आ. उम्मीदवार के टंकण गति को निम्नलिखित फार्मूला के द्वारा परखा जाएगा:

टंकण गति-

कुल टंकित किए गये शव्दों की संख्या जिसमें पूणं पैरा या भाग यदि दोवारा टंकित किया गया हो, सम्मलित है (कुल गलतियों की सं० X 10
/ 10

इ. निम्नलिखित त्रुटियों को पूरी गलति के रूप में चिन्हित किया जाएगा।

- प्रत्येक शब्द /चिन्ह के बदले में किया गया शब्द या चिन्ह।
- पैरा में नही पाये गये किसी या ज़ोड़े गये प्रत्येक अंक / शब्द के लिए फिर भी एक वास्तविक शब्द के बदले में जोड़े गए शब्दों के समूहों को केवल एक पूरी गलति के रूप में चिन्हित किया जाएगा।
- दोहराने पर या जोड़ने पर या स्थान परिवर्तन पर या चूक जाने पर या बदले में अन्य अक्षर/अक्षरों की गलति किए जाने के रूप में टाईप करने पर।

ई. निम्नलिखित त्रुटियों को आधी गलति के रूप में चिन्हित किया जाएगा।

- अन्तराल की त्रुटि – जब शब्दों के बीच में या के बीच अंत्तर का प्रावधान नही है या दो शब्दों या अक्षरों – के बीच में आवंछित स्थान दिया गया है (किसी शब्द के अक्षर के वीच में XXX का प्रयोग)
- विराम चिन्ह की त्रुटि – जब कोई विराम चिन्ह छुट गया है या किसी अन्य के द्वारा जोड़ा या बैठाया गया है
- पैराग्राफ संबंधी त्रुटि – जब पैराग्राफ प्रारंभ करने के पहले या दो पैराग्राफ के वीच में दिए गये स्थान के बीच एकरूपता नहीं हो, प्रत्येक गलत पैराग्राफ के लिए आधी त्रुटि चिन्हित की जायेगी।
- कैपिटल अक्षरों का गलत प्रयेग – छोटे अक्षरो के बदले बड़े अक्षरों का प्रयोग या इसके विपरीत क्रम में अक्षरों का प्रयोग (यह हिन्दी टंकण आलेख के लिए अनुपयोगी नही है)।
- जहां एक अक्षर के ऊपर दुसरा अक्षर टंकित किए गये हैं।
- क्रम परिवर्तन में त्रुटि–जहां शब्दों को क्रमपरिवर्तित किया गया है।
- अक्षर–अक्षर संबंधी त्रुटि–जहां पर शब्दों को प्रत्येक पंक्ति के अन्त में अनुचित रूप से बांटा गया है।
- गलत परिचालन–निम्नलिखित त्रुटियों को शिफ्ट/अक्षर कुंजी के गलत परिचालन के वजह से आधी गलती चिन्हित की जायेगी।
- टेढ़ा या पृष्ठ के अन्त में लिखना।
- किसी शब्द में किसी अक्षर को छोड़ देने से शब्द के बीच खाली स्थान होने पर।
- प्रिंट लाईन के ऊपर या नीचे अक्षर को शिफ्ट करना या आधे अक्षर को प्रिंट करना।

उ. कलम या पेंसिल से किसी भी संशोधन का ध्यान नहीं दिया जाएगा तथा ऐसे संशोधन का मूल्याकंन नहीं किया जाएगा।